



# प्रयागराज-सिंगरौली एनएच लाइफ लाइन पर ताला!

## डेढ़ वर्ष पूर्व नेशनल हाईवे-135 सी के प्रस्तावित एलाइमेंट को सड़क परिवहन मंत्रालय ने कर दिया था निरस्त

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 जनवरी। प्रयागराज-चितरंगी बाया सिंगरौली प्रस्तावित नेशनल हाईवे 135 सी सड़क मार्ग करीब डेढ़ वर्षो से ठण्डे बस्ते में चली गई है। प्रस्तावित सड़क के एलाइमेंट को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने निरस्त कर दिया था। जिसके चलते चितरंगी क्षेत्र वासियों में भारी मायूसी छाई हुई है।**

गौरतलब है कि तीन वर्ष पूर्व भाजपा नेताओं के प्रयास से प्रयागराज-चितरंगी बाया सिंगरौली नेशनल हाईवे 135 सी मंजूरी भारत सरकार परिवहन राज मंत्रालय से मिली थी। जहां प्रस्तावित मार्ग में करीब 3 हजार मकान भी भूमि स्वामी व अन्य बनवा लिये थे। इसी बात को लेकर काफी शिकायते हुई और तत्कालीन एसडीएम चितरंगी तथा कलेक्टर ने मकानों को अवैध



निर्माण मानकर उक्त मार्ग के एलाइमेंट को निरस्त कराने प्रतिवेदन परिवहन सड़क मंत्रालय के पास भेज दिया गया है। जिसके बाद केन्द्र सरकार के परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क के एलाइमेंट को निरस्त कर दिया था और चर्चाएं थी कि अब नये सिरे से प्रस्तावित सड़क का एलाइमेंट बनेगा। लेकिन इन डेढ़ सालों में प्रयागराज बाया सिंगरौली प्रस्तावित सड़क के मामले में अब तक प्रगति क्या है? नया एलाइमेंट बना है कि नही और यदि बना है तो आगे की कार्रवाई कहां तक पहुंची है, इस मामले में जिला प्रशासन के साथ-साथ एमपीआरडीसी भी कुछ भी बताने के स्थिति में नही है। यहां बताते चले कि उक्त प्रस्तावित सड़क में बने मकानों के निर्माण से कई भाजपा नेताओं को नागवार गुजरा था, इसके पीछे असली वजह नेता जी ही बता पाएंगे।

उन्हीं के शिकायत पर प्रस्तावित एलाइमेंट निरस्त हुआ था। उनका कहना था कि भवनों का निर्माण अवैध है। हालांकि शिकायत करने वाले नेता भवनों का निर्माण नही करा पाये थे, शायद इसीलिए वे परेशान थे। अब जब प्रस्तावित सड़क ठण्डे बस्ते में है, ऐसे में अब चितरंगी क्षेत्र की जनता ही सवाल करने लगे हैं कि आखिरकार प्रस्तावित उक्त सड़क के मामले में भाजपा के नेताओं के साथ-साथ सांसद एवं मंत्री मौन क्यों हैं? क्या यह सड़क नही बनेगी और यदि बनेगी तो इसके लिए सक्रिय क्यों नही हैं? क्षेत्र की जनता अब यही सवाल करने लगी है।

### जनप्रतिनिधियों के चलते मामला खटाई में

चितरंगी क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा ही आरोप लगाया जा रहा है कि जिले के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के बदौलत प्रयागराज बाया सिंगरौली मार्ग खटाई में है। करीब डेढ़ साल के दौरान एक भी भाजपा के नेता उक्त सड़क के मामले में बुलन्दी से आवाज नही उठा रहे हैं। इसके पीछे एक नही अनेको कारण गिनाएं जा रहे हैं। चर्चाएं तो यहां तक है कि उक्त सड़क मार्ग केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में सबसे ज्यादा पहल तत्कालीन सांसद रीति पाठक ने किया था। शायद यही वजह मानी जा रही है कि भाजपा के ही नेता उनको श्रेय नही देना चाहते हैं। इसीलिए इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता मौन धारण कर लिये हैं। हालांकि यह जन चर्चा है, परंतु इसके बारे में विस्तार से भाजपा के वरिष्ठ नेता ही बता पाएंगे कि आखिर कार प्रस्तावित उक्त सड़क के मामले में आवाज क्यों नही उठा रहे हैं।

### प्रस्तावित सड़क सिंगरौली के लिए है लाइफ लाइन

भाजपा के केन्द्रीय संगठन कार्यालय महामंत्री अरूण सिंह पिछले वर्ष जून महीने के दूसरे सप्ताह में सिंगरौली के जिला मुख्यालय आये हुये थे। जहां उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा था कि प्रयागराज-चितरंगी बाया सिंगरौली एनएच 135 सी मंजूर थी और यूपी की अंतिम सीमा देवरी तक तीव्र गति से सड़क का निर्माण कार्य भी हो रहा है। परंतु यहां के सांसद एवं अन्य नेताओं के बदौलत सड़क का कार्य ठण्डे बस्ते में है। उन्होंने सीधे-सीधे भाजपा नेताओं को दोषी माना था। उनके इस बयान के बाद भाजपा नेताओं की किरकिरी शुरू हो गई। इन सबके बावजूद भाजपा नेताओं ने सक्रियता नही दिखाई है। अब चर्चाएं हैं कि ऐसे भाजपा के नेता हैं, जिनके सामने प्रस्तावित सड़क पर चर्चा करते हैं तो, उनका पारा सातवें आसमान पर चढ़ने लगता है।



# रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर धराए

## अकौरी एवं देवसर बाजार में पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 17 जनवरी। जियावन पुलिस ने आज दिन शनिवार को अकौरी एवं देवसर बाजार से रेत का अवैध परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टरों को जप्त कर कार्रवाई की है।**

थाना प्रभारी एवं डीएसपी रोशनी कुर्मी ने एसडीओपी गायत्री तिवारी के देखरेख में सुपेला-अकौरी से बिना नंबर के नीले रंग का सोनालिका कंपनी का ट्रैक्टर अवैध रूप से लगभग 3 घन मीटर रेत का परिवहन करते पाया गया। जहां से ट्रैक्टर चालक मोनू कोल उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम अकौरी को दबोचा है। वहीं एक ट्रैक्टर क्रमांक यूपी 64 एक्यू 4304 को सीएससी अस्पताल देवसर के सामने से दबोचा है। ट्रैक्टर में अवैध रेत लोड था। चालक यश कोल पिता कमलेश कोल उम्र 25 वर्ष के विरूद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 317 (5) तथा खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## एक नजर में

### दो बाइकों की टक्कर में बोदा सचिव घायल

**सिंगरौली।** चितरंगी मुख्य मार्ग पर बैरी टोला विद्यालय के समीप आज दिन शनिवार को दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में बोदा ग्राम पंचायत के सचिव गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दुर्घटना के बाद एक बाइक सवार मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि सचिव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की व्यवस्था की गई। फिलहाल घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### हेमंत बैढ़न व काजल चितरंगी की बनी म. मोर्चा एटक अध्यक्ष

**सिंगरौली।** निर्माण मजदूर संगठन एटक म.प्र. के सिंगरौली जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने काजल शाह को महिला मोर्चा ब्लॉक ईकाई चितरंगी एवं हेमंत कुमार पंथी को बैढ़न ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया है। एटक के जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन जिला सचिव राज मिश्रा के निर्देश पर उक्त दोनों नियुक्तियां की है।

### दोनों मैच जीतकर एनपीएल कमेटी फाइनल में पहुंची

**सिंगरौली।** नौगढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की अध्यक्षता कर रहे वार्ड 45 नौगढ़ के पार्षद रामगोपाल पाल के मार्गदर्शन में आज मुख्य अतिथि के रूप में आशीष शुक्ला स्वच्छता प्रमुख, विपिन द्विवेदी, बवाली तिवारी क्रीड़ा प्रभारी बैढ़न सहित अन्य मौजूद रहे। आज के दिन का तीसरा मुकाबला फ्रेंडशिप मैच का सेमीफाइनल एनपीए कमेटी और राजस्व 11 के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एनपीए कमेटी की टीम 145 रन निर्धारित 12 ओवर में बनाएं और लक्ष्य का पीछा करते हुए राजा सी 11 की टीम मात्र 91 रन ही बना सकी। इस तरह से एनपीएल कमेटी की टीम फ्रेंडशिप में फाइनल में प्रवेश कर चुकी है और कल दिन रविववार को फ्रेंडशिप मैच के रूप में तीन मैच खेले जाएंगें।

# वार्डों से रोजाना एकत्रित किए जा रहे पानी के सैंपलिंग : सविता

## पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने ननि ने चलाया अभियान

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 जनवरी। नगर पालिक निगम की आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशन में नगर पालिक निगम द्वारा शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और जल आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।**




आयुक्त के निर्देशानुसार हर एक दिन निगम की टीम द्वारा वार्डों में पहुंचकर हर घर पेयजल के शुद्धता की जांच की जा रही है। इस दौरान ननि अमले द्वारा वार्ड क्रमांक 4 में सीपी तिवारी के निवास, वार्ड क्रमांक 23 में शिव नारायण विश्वकर्मा के निवास वार्ड क्रमांक 26 में नंदलाल कुशवाहा के निवास से पेयजल का सैम्पल कलेक्ट कर शुद्धता की जॉच की गई। आयुक्त के निर्देशानुसार अमले द्वारा घर-घर जाकर पानी में क्लोरीन की मात्रा की जाँच करने के साथ और शहरवासियों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इस दौरान न केवल गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है, बल्कि प्राप्त शिकायतों के निराकरण किया जा रहा है। निगम अमले द्वारा नियमित रूप से ओवरहेड टैंक और वॉल चैंबर की सफाई की जा रही, जिससे शहरवासियों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सके। ननि आयुक्त ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा नगर के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे है। नगर में स्थापित पानी के स्त्रोतों की साफ-सफाई, ट्यूबवेलों के माध्यम से किए जाने वाले पेयजल वितरण के क्लोरीनेशन कार्य के साथ ही विभिन्न वार्डों से रोजाना एकत्रित किए जा रहे पानी की सैंपलिंग का कार्य निरंतर जारी है। इसके अतिरिक्त पेयजल के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायतों प्राप्त होने पर तत्परता से निराकरण कराकर पेयजल वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने नगर वासियो से आग्रह किया है पेयजल से संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निगम द्वारा जारी टोल फ्री नम्बर पर तत्काल अवगत कराये, ताकि समस्या का तत्परता से समाधान किया जा सके।

# सड़क पर अतिक्रमण से सिकुड़ता नवानगर कस्बा मार्ग, दुकानदार भारी

## नगर निगम व यातायात पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल, कलेक्टर-एसपी से प्रबुद्ध नागरिकों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 जनवरी। जिला मुख्यालय बैढ़न के समिति नवानगर मार्ग की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। सड़क पर लगातार हो रहे अतिक्रमण के चलते यह मार्ग सिकुड़ता जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।**



नवानगर तिराहा से लेकर बाजार क्षेत्र तक हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि यहां रोजाना जाम लगना आम बात हो गई है। सुबह से शाम तक वाहन रेंगते नजर आते हैं और आम नागरिकों का कीमती समय जाम में बर्बाद हो रहा है। नवानगर तिराहा की सड़क पर दुकानदारों ने इस कदर सामग्री फैला रखी है कि सड़क और फुटपाथ का कोई अस्तित्व ही नहीं बचा। फल, सब्जी, किराना, कपड़ा और अन्य दुकानों का सामान सड़क तक फैल गया है। नतीजतन चार पहिया तो दूर, दोपहिया वाहनों को भी निकलने में भारी परेशानी होती है। कई बार वाहन चालकों को मजबूरन गलत साइड से निकलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### नवानगर-अमलोरी तिराहा पर अक्सर लगता है जाम

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि नगर निगम का अतिक्रमणदस्ता नवानगर क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई करता दिखाई नहीं देता। अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, वे मौन साधे बैठे हैं। वहीं यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी भी लगभग नदारद रहती है। जब जाम लगता है और लोग शोर मचाते हैं, तभी पुलिस मौके पर पहुंचती है, लेकिन कुछ देर बाद हालात फिर वही हो जाते हैं। स्थायी समाधान के लिए न तो अतिक्रमण हटाया जा रहा है और न ही नियमित निगरानी की जा रही है।यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है। नवानगर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने ननि आयुक्त, एसपी और कलेक्टर का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित कराया है। लोगों की मांग है कि नवानगर बाजार में सख्त अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाए, फुटपाथों को खाली कराया जाए।

# युकां पूर्व जिला अध्यक्ष के प्रयास से बच्ची को मिली ट्राई साइकिल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 जनवरी। विगत दिवस पहले एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें 11 वर्षीय की दोनों पैर से दिव्यांग बच्ची अपने सर पर लकड़ी का कट्ठा लेकर जंगल से घर आ रही थी, वीडियो वायरल होने के बाद युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्या द्विवेदी पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज शाह ने ग्राम पंचायत क्षेत्र बरहपान स्थित उसके घर पर जाकर मुलाकात की।**



जानकारी लेने पर बच्ची का नाम दिल कुमारी पिता छोटेलाल बैगा है। वह अपने नाना-नानी के घर पर रहती है, जहां कक्षा तीन की छात्रा है। बच्ची दोनों पैर से पोलियो से ग्रसित होने के कारण दिव्यांग है, जो कि अपने सभी मूलभूत सुविधाओं से वंचित भी है। सूर्या द्विवेदी ने बताया कि परिवार से मुलाकात करने के बाद उसी दिन शाम को कलेक्टर से मुलाकात किया गया, जिसमें कलेक्टर ने विशेष संवेदनशीलता दिखाते हुए अगले दिन बच्ची और परिवार को बुलाकर ट्राई साइकिल दिलाए जाने का आश्वासन दिया और उसी कड़ी में आज रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से डीआरसीसी केंद्र में दिव्यांग बच्ची दिल कुमारी बैगा को ट्राई साइकिल दिलाई गया।

# नीरज ने ऑल इंडिया बार परीक्षा में हासिल की सफलता

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 जनवरी। प्रत्येक माता-पिता का यह सपना होता है कि उनका बच्चा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिवार, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करे तथा देश के किसी प्रतिष्ठित पद तक पहुंचे। ऐसा ही एक प्रेरक उदाहरण जिले के कटौली गांव निवासी नीरज द्विवेदी ने प्रस्तुत किया है।**



नीरज द्विवेदी ने ऑल इंडिया बार परीक्षा एआईबीई 2025 में उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। जारी परिणाम के अनुसार परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब वे अखिल भारतीय स्तर पर किसी भी न्यायालय में वकालत करने के लिए अधिकृत हो गए हैं। नीरज द्विवेदी के पिता रामअवध द्विवेदी पेशे से किसान हैं, जबकि माता गीता द्विवेदी गृहिणी हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय पिता के संघर्ष, माता के आशीर्वाद के साथ-साथ चाचा बैकुंठ दुबे एवं चाची तारा दुबे के सहयोग और मार्गदर्शन को दिया।

# भाजपाइयों ने फूंका विधायक फूलसिंह बरैया का पुतला

## अनुसूचित वर्ग की लड़कियों एवं महिलाओं को लेकर की थी अभद्र टिप्पणी, विधायक एवं जिलाध्यक्ष ने किया विरोध

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 जनवरी। कांग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया ने विगत दिनों अनुसूचित वर्ग की महिलाओं और लड़कियों को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी।**



फूल सिंह बरैया ने रुद्रयामल तंत्र नाम के धर्मग्रंथ का हवाला देते हुए कहा कि इसमें वर्णित है कि अनुसूचित वर्ग की कन्या से सहवास करने पर काशी तीर्थ का फल मिलता है। इसी कारण हरिजन और आदिवासी लड़कियों का बलात्कार बहुत ज्यादा होते हैं। साथ ही उन्होंने यह कहा था कि अतिसुंदर स्त्री को देख कर किसी का भी मन विचलित हो सकता है और रेप जैसी घटनाएं हो सकती हैं। फूल सिंह के इस बयान की चौतरफा थू-थू हो रही है और महिलाओं मे इस बयान को लेकर काफी आक्रोश व्याप्त है। भाजपा ने कांग्रेस विधायक के इस कृत्य पर अपना आक्रोश प्रकट करते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन किया तथा फूल सिंह का पुतला फूंककर आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में तथा राज्यमंत्री राधा सिंह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी की विशेष उपस्थिति में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल एवं मोर्चा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर चौक पर फूल सिंह बरैया का पुतला दहन किया तथा तत्काल प्रभाव से उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म करने एवं कांग्रेस पार्टी से निष्कासित करने की मांग की।

# रेडक्रॉस की मानवीय पहल से मुस्कुरायी दिल कुमारी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 जनवरी। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में मानवता, संवेदना और सेवा का एक प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला।**

ग्राम पंचायत बरहपान अंतर्गत ग्राम मुड़वनिया की निवासी लगभग 8 वर्षीय बालिका दिल कुमारी पिता छोहन लाल, जो शासकीय विद्यालय में कक्षा तीन की छात्रा है, को उनके पिता द्वारा परीक्षण के लिए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र लाया गया। दिल कुमारी जन्म से ही पैर से दिव्यांग है, जिसके कारण वह चलने-फिरने में पूर्णत: असमर्थ है। बच्ची का सूक्ष्म परीक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि यह सीटीईवी का प्रकरण है तथा उचित सर्जिकल उपचार के पश्चात बच्ची के चलने में सक्षम होने की पूर्ण संभावना है। कलेक्टर गौरव बैनल सह अध्यक्ष, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के निर्देशन में रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन एसडी सिंह के मार्गदर्शन एवं रेडक्रॉस सचिव डॉ. ओपी राय के नेतृत्व में बच्ची की वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उसे तत्काल व्हीलचेयर सहायक उपकरण प्रदान किया गया।





# नाली निर्माण न होने से सड़क पर घरों का पानी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 जनवरी।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत आदर्श वार्ड क्रमांक 40 में राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न श्रीराम लॉज के पास तथा सरस्वती विद्यालय के पीछे नाली निर्माण न होने के कारण पिछले दो वर्षों से सड़क पर लगातार गंदा पानी बह रहा है। इस समस्या से स्थानीय रहवासी बेहद परेशान हैं। गंदा पानी सड़क पर जमा रहने से आवागमन में कठिनाई हो रही है, वहीं दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस संबंध में कई बार ननि के सफाई कर्मियों एवं पार्षद को अवगत कराया गया।

# निवेश, रोजगार व सुरक्षा पर कलेक्टर का फोकस, प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

## जिले को औद्योगिक हब बनाने की तैयारी, कलेक्टर के अध्यक्षता में विकास एवं निवेश समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 जनवरी। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निवेश प्रोत्साहन समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।**

बैठक में एमपीआईडीसी अंतर्गत विकसित एवं अविकसित औद्योगिक क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, भविष्य की कार्ययोजना तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के सदस्यों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने उद्योगदीप बैढ़न औद्योगिक क्षेत्र में स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना के लिए इंडस्ट्री कंसलटेंट के साथ विचार-विमर्श कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय औद्योगिक इकाइयों की स्किल रिक्वायरमेंट के अनुरूप कौशल विकास पाठ्यक्रम तय किए जाएं, जिससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर



उपलब्ध हो सके और उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन मिल सके। कलेक्टर ने अविकसित औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को लेकर भविष्य दृष्टि के साथ प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में जल आपूर्ति के लिए औद्योगिक दरों का निर्धारण करने के निर्देश दिए गए, जिससे इकाइयों को आवश्यकता अनुसार जल उपलब्ध कराया जा सके।

### विस्फोटक कंपनियों को शहर से बाहर करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने एमपीआईडीसी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विस्फोटक उत्पादन करने वाली कंपनियों को शहर सीमा से बाहर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही विस्फोटक निर्माण में उपयोग होने वाले रसायनों से संबंधित इकाइयों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि अवैध भंडारण या सुरक्षा में लापरवाही न हो। बैठक में संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एमपीआईडीसी यूके तिवारी, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सुशांतिका सिंह, असिस्टेंट इंजीनियर अभिलाष मिश्रा, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल, उप संचालक कृषि मनोज कुमार सिंह, जीएम डीआईसी नवीन कुशवाह, कार्यपालन यंत्री ननि संतोष पाण्डेय, एलडीएम रंजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।